11/87/2017.

A

ANNUAL EVALUATION 2016-2017

Third Language

Hindi

Std. IX

Score : 40

Time : 90 minutes

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न पत्र वाचन और चिंतन के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना : 'अकाल में सारस' कविता का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सारसों को पता तक नहीं था
कि नीचे रहते हैं लोग
जो उन्हें कहते हैं सारस

पानी को खोजते
दूर-देसावार से आए थे वे

पानी को खोजते
दूर-देसावार तक जाना था उन्हें

1. 'पानी को खोजते
दूर-देसावार से आए थे वे'
- यहाँ 'वे' शब्द का प्रयोग किनके लिए किया है? 1
(सारस, लोग, कौए)

2. निम्नलिखित आशयवाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें।
- *पानी को खोजकर सारसों को दूर देशों तक जाना था।* 2

3. कविताांश का आशय लिखें। 3

सूचना : 'प्रेमचंद घर में' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक बार गोरखपुर में डॉ. एनी बसेंट की लिखी हुई एक किताब आप लाए। मैंने वह किताब पढ़ने के लिए माँगी। आप बोले-"तुम्हारी समझ में नहीं आएगी।" मैं बोली- "क्यों नहीं आएगी? मुझे दीजिए तो सही।"

4. रेखांकित क्रिया-रूप किस शब्द के अनुसार है? 1
मैंने वह किताब पढ़ने के लिए <u>**माँगी**</u>।
(मैं; पढ़ने; किताब)

5. "क्यों नहीं आएगी? मुझे दीजिए तो सही।" इस कथन से शिवरानी देवी के चरित्र की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है? लिखें। 3

6. प्रेमचंद के बारे में अपने मित्र के नाम एक **पत्र** लिखें। 4

(प्रेमचंद- हिंदी के सबसे समर्थ कहानीकार, प्रमुख उपन्यास- सेवासदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, कर्मभूमि, गोदान, प्रमुख कहानियाँ- कफ़न, पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, पंचपरमेश्वर, नशा)

सूचना : 'संसार पुस्तक है' पत्र का यह अंश पढ़ें, 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> ये पहाड़, समुद्र, सितारे, नदियाँ, जंगल, जानवरों की पुरानी हड्डियाँ और भी इसी तरह की और कितनी ही चीज़ें वे किताबें हैं, जिनसे हमें दुनिया का पुराना हाल मालूम हो सकता है। मगर हाल जानने का असली तरीका यह नहीं है कि हम केवल दूसरों की लिखी हुई किताबें पढ़ लें, बल्कि खुद संसार-रूपी पुस्तक को पढ़ें।

7. खंड के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें: 1

क) किताबें पढ़ना ही दुनिया का पुराना हाल जानने का असली तरीका है।

ख) जानवरों के बारे में पढ़ना दुनिया का पुराना हाल जानने का असली तरीका है।

ग) खुद संसार रूपी पुस्तक को पढ़ना दुनिया का पुराना हाल जानने का असली तरीका है।

8. संबंध पहचानें और सही मिलान करें। 3

दुनिया का एक छोटा-सा टापू	छोटा-सा रोड़ा
दुनिया का एक बहुत बड़ा देश	इंग्लैंड
संसार की पुस्तक का छोटा-सा पृष्ठ	हिंदुस्तान

9. किसी एक का उत्तर लिखें। 3

क) नेहरूजी के अनुसार 'संसार पुस्तक है'- इस पर अपना विचार लिखें।

ख) 'मगर हाल जानने का असली तरीका यह नहीं है कि हम केवल दूसरों की लिखी हुई किताबें पढ़ लें, बल्कि खुद संसार-रूपी पुस्तक पढ़ें।' -इस कथन का समर्थन करें।

सूचना : 'राग गौरी' कविता का यह अंश पढ़ें, 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायो।
मोसों कहत मोल को लीनो तोहि जसुमति कब जायो।।
कहा कहौं एहि रिसि के मारे खेलन हौं नहिं जातु
पुनि-पुनि कहत कौन है माता को है तुमरो तातु।।

10. इन शब्दों के समानार्थी खड़ीबोली शब्द चुनकर लिखें। 2

क) मोहि   ख) खिझायो

(बड़ा भाई, चिढ़ाया, माँ, मुझे)

11. निम्नलिखित आशयवाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

माँ, भाई ने मुझे चिढ़ाया, कहता है कि यशोदा ने तुझे जन्म नहीं दिया, मूल्य देकर ले लिया है।

12. प्रस्तुत पंक्तियों का आशय लिखें। 3

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।

गाड़ीवाला ठठाकर हँस पड़ा। उसने कहा, "बेवकूफ, मैं दीमक के बदले पंख लेता हूँ, पंख के बदले दीमक नहीं!" गाड़ीवाले ने 'पंख' शब्द पर ज़ोर दिया था। गाड़ीवाला चला गया। पक्षी छटपटाकर रह गया।

13. गाड़ीवाले ने 'पंख' शब्द पर ज़ोर दिया था। इसका क्या मतलब है? 2

14. किसी एक का उत्तर लिखें। 4

क) कहानी के इस प्रसंग को फ़िल्माने के लिए **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

ख) कहानी के उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर पक्षी और गाड़ीवाले के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें।

सूचना : कविता का यह अंश पढ़ें, 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ,
हरा भरा जीवन बनाओ।
छाया ये हमको देते हैं,
फल ये हमको देते हैं।
बाढ़ से हमको बचाते हैं,
प्रदूषण दूर हटाते हैं।
हम भी पेड़ लगाएँगे,
संसार को हरा-भरा बनाएँगे।

15. कवितांश के लिए उचित शीर्षक दें। 1

16. कवितांश के आधार पर सही विकल्प चुनकर लिखें- 1

कवि के अनुसार संसार को हरा-भरा कैसे बना सकता है?

- पेड़ लगाकर
- प्रदूषण करके
- पेड़ काटकर

17. किसी एक का उत्तर लिखें। 4

क) पेड़ लगाने से क्या-क्या फायदे हैं? **टिप्पणी** लिखें।

ख) पर्यावरण-संरक्षण का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।